सत्र–2023–24

मॉडल प्रश्न पत्र

कक्षा–12

लेखाशास्त्र

**समयः तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक–100**

नोटः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देशः (i) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय है। प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 100 शब्दों के अन्तर्गत लिखना है। प्रश्न संख्या 27 से 30 तक विस्तृत उत्तरीय है, जिन्हें हल करना है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित है।

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)**

सही उत्तर चुनिए एवं उसे अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिएः

1. साझेदारी फर्म में सदस्यो की न्यूनतम संख्या होती है– 1

(i) 2 (ii) 3

(iii) 4 (iv) इनमें से कोई नहीं।

2. साझेदारी अधिनियम लागू हुआ– 1

(i) 1956 में (ii) 1932 में

(iii) 1947 में (iv) इनमें से कोई नहीं।

3. पुनर्मूल्यांकन खाता है–

1

(i) व्यक्तिगत खाता (ii) वास्तविक खाता

(iii) नाममात्र खाता (iv) इनमें से कोई नहीं।

4. किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण करने पर सामान्य संचय अन्तरित किया जाता है– 1

(i) सभी साझेदारों के पूँजी खाते में (ii) अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार के पूँजी खाते में

(iii)पूर्नमूल्यांकन खाते में (iv) किसी भी खाते में नहीं।

5. वसूली खाता है– 1

(i) व्यक्तिगत खाता (ii) वास्तविक खाता

(iii) नाममात्र खाता (iv) इनमें से कोई नहीं।

6. कम्पनी की विशेषताएं हैं– 1

(i) कृत्रिम व्यक्ति (ii) कानून द्वारा निर्मित

(iii) शाश्वत उत्तराधिकार (iv) इनमें सभी।

7. चालू अनुपात का आदर्श स्तर है– 1

(i) 1:1 (ii) 2:1

(iii) 3:1 (iv) इनमें से कोई नहीं।

8. आवर्त्त अनुपात प्रबन्ध को सहायता करते है– 1

(i) वित्त के नियोजन में (ii) कार्य निष्पादन का मूल्यांकन करने में

(iii) संसाधनों के प्रबन्ध में (iv) इनमें सभी।

9. रोकड़ प्रवाह विवरण बनाया जाता है– 1

(i) प्रत्यक्ष रीति द्वारा (ii) अप्रत्यक्ष रीति द्वारा

(iii) (i) एवं (ii) दोनो द्वारा (iv) इनमें से कोई नही

10 .ICAI ने लेखांकन मानक–3 निर्गमित किया था – 1

(i) 1981 (ii) 1990

(iii) 1970 (iv) इनमें से कोई नहीं।

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

11.साझेदारी संलेख की परिभाषा लिखिए। 2

12.स्थिर पूँजी एवं चल पूँजी से आप क्या समझते है? लिखिए। 2

13.त्याग अनुपात का आशय लिखिए। 2

14.साझेदारी की अनिवार्य समापन की दशाएं लिखिए। 2

15.संयुक्त जीवन बीमा पत्र क्या है? लिखिए। 2

16.अशं की परिभाषा लिखिए। 2

17.ऋण पत्र की विशेषाताएं लिखिए। 2

18.रोकड़ प्रवाह विवरण से क्या आशय है? लिखिए। 2

19 लेखांकन अनुपात क्या है? लिखिए। 2

20.वित्तीय विवरण का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

21.लाभ प्राप्ति अनुपात का अर्थ उदाहरण सहित लिखिए। 5

22.किन–किन परिस्थितियों में एक साझेदार फर्म से सेवा निवृति हो सकता है?लिखिए। 5

23.साझेदारी का समापन एवं फर्म का समापन में अन्तर लिखिए । 5

24.साझेदारी फर्म के विघटन की प्रक्रिया समझाइए। 5

25.अनुपात विश्लेषण के लाभ लिखिए। 5

26.एक रोकड़ प्रवाह विवरण को तैयार करने के उद्देश्य क्या है? लिखिए। 5

## (विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

27. अ, ब, और स जो 6:5:3 के अनुपात में लाभ–हानि विभाजन करते हैं, का 31 मार्च, 2023 को चिट्ठा (स्थिति विवरण) निम्नानुसार था– 10

| दायित्व | रकम | सम्पत्तियां | व्यय |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 19000 | रोकड़ | 1890 |
| देय बिल | 6200 | देनदार | 26460 |
| पूँजी खाते | | स्कन्ध | 29400 |
| अ 39900 | | फर्नीचर | 7350 |
| ब 33600 | | भूमि एवं भवन | 50400 |
| स 16800 | | | |
| | 90300 | | |
| | 115500 | | 115500 |

उन्होंने द को निम्न शर्तों पर 1/8 भाग के लिए साझेदारी में सम्मिलित किया–

(i) द ख्याति के रू 12600 तथा रू 14700 पूँजी के लायेगा।

(ii) फर्नीचर पर रू 920 ह्रास लगाया जाए।

(iii) रू 1320 अदत्त मरम्मत के बिल के लिए संचय किया जाए।

(iv) भूमि तथा भवन का मूल्य बढ़ाकर रू 65100 कर दिया गया।

(v) स्कन्ध का पुर्नमूल्यांकन 26460 रू पर किया जाय।

आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। पुनर्मूल्यांकन खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

अथवा

ख्याति किसे कहते है? ख्याति गणना की औसत लाभ आधार विधि का काल्पनिक उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

28. 'A' लिमिटेड ने रू 100 वाले 10000 अंश रू 120 प्रति अंश पर निर्गमित किए जो निम्न प्रकार देय थे– रू 25 आवेदन पर, रू 45 आवंटन पर (प्रव्याजि सहित) रू 20 प्रथम याचना पर एवं रू 30 अन्तिम याचना पर।

9000 अंशो के लिए आवेदन प्राप्त हुए एवं आवंटन किया गया। सभी राशियां प्राप्त हो गयी सिवाय 200 अंशो पर प्रथम एवं अंतिम याचना के जो एक अंशधारी के पास था। कम्पनी ने इन अंशो का हरण कर लिया।

कम्पनी के जर्नल में आवश्यक प्रविष्टियां कीजिए एवं चिट्ठा बनाइए। 5+5

अथवा

पूर्वाधिकार अंश किसे कहते है? पूर्वाधिकार अंश एवं समता अंश में अन्तर लिखिए। 10

29. मोहित कम्पनी लिमिटेड ने रू 100 वाले 1000, 10% ऋणपत्र निर्गमित किया। उनका भुगतान निम्न प्रकार होता था– रू 20 आवेदन पर, रू 30 आवंटन पर, रू 10 प्रथम याचना पर तथा शेष द्वितीय व अन्तिम याचना पर। 200 ऋण पत्रों के धारकों द्वारा द्वितीय याचना की धनराशि का अग्रिम भुगतान प्रथम याचना के साथ कर दिया। मोहित कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए। 10

अथवा

ऋण पत्र की परिभाषा लिखिए। अंश व ऋण पत्र में अन्तर लिखिए। 10

30. आदर्श कम्पनी लिमिटेड के 31 मार्च 2023 के तुलनपत्र में निम्नलिखित मदों को दर्शाएं– 10

| | |
|---|---|
| 8%ऋाणपत्र | 10,00,000 |
| समता अंश पूँजी | 50,00,00 |
| प्रतिभूति प्रीमियम | 20,000 |
| प्रारम्भिक व्यय | 40,000 |
| लाभ व हानि विवरण (जमा) | 1,50,000 |
| 8% ऋणपत्रों के निर्ममन पर अनुमानित व्यय<br>(आगामी 4 वर्षों में अपलेखित की जाने वाली अनुमानित राशि ) | 40000 |
| खुले औजार | 20000 |
| बैंक शेष | 60000 |
| हस्तगत रोकड़ | 38000 |

अथवा

तुलनपत्र का प्रारूप बनाइए तथा तुलनपत्र के विभिन्न अवयवों की व्याख्या कीजिए। 10